व.अ. (विशेष शिक्षा-TSP.) मा.शि.परीक्षा-२०१८

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
Question Paper Booklet No.

# STSP-91

**Subject Code : 03**

**विषय / SUBJECT :**
**SOCIAL SCIENCE**

## PAPER - II

**समय : 2.30 घण्टे**
**Time : 2.30 Hours**

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

03

1. रासायनिक अपक्षय का एक रूप है

(1) बिखराव (2) विघटन

(3) सिलिका पृथक्करण (4) अपपत्रण

2. वर्ष 2017-18 अवधि में भारत के प्रथम चार प्रमुख राज्यों में चना उत्पादन का सही अवरोही क्रम है :

(1) महाराष्ट्र – मध्य प्रदेश – राजस्थान – कर्नाटक

(2) राजस्थान – मध्य प्रदेश – महाराष्ट्र – कर्नाटक

(3) कर्नाटक – राजस्थान – मध्य प्रदेश – महाराष्ट्र

(4) मध्य प्रदेश – महाराष्ट्र – राजस्थान – कर्नाटक

3. राजस्थान में निम्नांकित नस्लों में से कौन सी एक भेड़ की नहीं है ?

(1) मालपुरा (2) नाली

(3) सिरोही (4) मगरा

4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए व नीचे दिए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (कपड़ा कारखाना) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| (a) डर्बी टेक्सटाइल्स | (i) कोटा |
| (b) मॉडर्न सिन्टेक्स (इण्डिया) | (ii) जोधपुर |
| (c) आदित्य मिल्स लिमिटेड | (iii) अलवर |
| (d) सुदर्शन टेक्सटाइल्स | (iv) किशनगढ़ |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

5. भूकम्पीय तरंगों के लिए पृथ्वी के अभ्यान्तर का निम्नांकित मण्डलों में से कौन सा एक 'मन्द वेग मण्डल' कहलाता है ?

(1) निचला मैण्टल (2) दुर्बलता मण्डल

(3) बाह्य अन्तरतम (4) आन्तरिक अन्तरतम

1. A form of chemical weathering is

(1) Shattering (2) Disintegration

(3) Desilication (4) Exfoliation

2. The correct descending order of gram production in first four major states of India during the year 2017-18 is

(1) Maharashtra – Madhya Pradesh – Rajasthan – Karnataka

(2) Rajasthan – Madhya Pradesh – Maharashtra – Karnataka

(3) Karnataka – Rajasthan – Madhya Pradesh – Maharashtra

(4) Madhya Pradesh – Maharashtra – Rajasthan – Karnataka

3. Which one of the following breeds is not of sheep in Rajasthan ?

(1) Malpura (2) Nali

(3) Sirohi (4) Magra

4. Match List – I with List – II and choose correct answer using the codes given below :

| List – I (Textile Factory) | List – II (Location) |
|---|---|
| (a) Derby Textiles | (i) Kota |
| (b) Modern Syntax (India) | (ii) Jodhpur |
| (c) Aditya Mills Limited | (iii) Alwar |
| (d) Sudarshan Textiles | (iv) Kishangarh |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

5. Which one of the following zones of the earth's interior is called 'low velocity zone' for seismic waves ?

(1) Lower mantle (2) Asthenosphere

(3) Outer core (4) Inner core

6. लैटेराइट मिट्टी का निर्माण प्रधानतः उन क्षेत्रों में पाया जाता है, जहाँ होते हैं :
(1) उच्च तापमान एवं निम्न वर्षा
(2) उच्च तापमान एवं भारी वर्षा
(3) निम्न तापमान एवं निम्न वर्षा
(4) निम्न तापमान एवं भारी वर्षा

7. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । अपने उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए ।

**अभिकथन (A) :** हवाएँ/पवनें धीमी गति से बहती हैं जब दाब प्रवणता कम होती है ।

**कारण (R) :** दाब प्रवणता कम होती है जब सम दाब रेखाएँ समीप-समीप पायी जाती हैं ।

**कूट :**
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

8. भारत में ज्वारीय वन उप प्रकार सम्बन्धित है :
(1) अल्पाइन वन से
(2) शुष्क उष्ण कटिबन्धीय वन से
(3) आर्द्र उष्ण कटिबन्धीय वन से
(4) पर्वतीय शीतोष्ण वन से

9. अल-नीनो के तीव्र होने का प्रायः परिणाम होता है :
(1) अच्छा मानसून
(2) कमजोर मानसून
(3) मध्यम मानसून
(4) मानसून पर कोई प्रभाव नहीं

10. 'घटोली गेप/दर्रा' राजस्थान की कौन सी पहाड़ियों में अवस्थित है ?
(1) अरावली पहाड़ियाँ (2) अराबाला पहाड़ियाँ
(3) मुकन्दरा पहाड़ियाँ (4) अलवर पहाड़ियाँ

6. The formation of laterite soil takes place mainly in the areas of
(1) high temperature and low rainfall
(2) high temperature and heavy rainfall
(3) low temperature and low rainfall
(4) low temperature and heavy rainfall

7. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the another labelled as Reason (R). Select your answer from the code given below :

**Assertion (A) :** Winds blow with low speed when pressure gradient is low.

**Reason (R) :** The pressure gradient is low when the isobars are closely situated.

**Codes :**
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false
(4) (A) is false, but (R) is true.

8. Tidal sub type of forest in India belongs to
(1) Alpine forest
(2) Dry tropical forest
(3) Moist tropical forests
(4) Montane temperate forests

9. The occurrence of strong El-Nino usually result into
(1) Good monsoon
(2) Weak monsoon
(3) Moderate monsoon
(4) No effect on monsoon

10. 'Ghatoli Gap' is situated in which hill ranges of Rajasthan ?
(1) Aravalli Hills (2) Arabala Hills
(3) Mukandara Hills (4) Alwar Hills

11. निम्न में से कौन से मद राष्ट्रीय आय के आकलन में शामिल किये जाते हैं ? नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चुनाव कीजिए।

(a) बोनस
(b) ग्रेच्युटी
(c) स्वयं के उपभोग के लिए उत्पादन का मूल्य
(d) मालिक के मकान में रहने पर मकान का आरोपित किराया।

**कूट :**

(1) इनमें से कोई मद नहीं
(2) केवल (a)
(3) केवल (a) और (b)
(4) (a), (b), (c) और (d)

12. निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) किसी वस्तु का माँग वक्र इस मान्यता के आधार पर बनाया जाता है कि उपभोक्ता की आय, अन्य वस्तुओं की कीमतें तथा उपभोक्ता की पसंदगी दी हुई है।
(2) यदि उपभोक्ता की आय बढ़ जाती है तो सामान्य वस्तु का माँग वक्र दायीं ओर विवर्तित हो जाता है।
(3) यदि स्थानापन्न वस्तु की कीमत बढ़ जाती है तो माँग वक्र बायीं ओर विवर्तित हो जाता है।
(4) यदि उपभोक्ता की पसंदगी किसी वस्तु के पक्ष में परिवर्तित हो जाती है तो उसका माँग वक्र दायीं ओर विवर्तित हो जाता है।

13. राष्ट्रीय आय के अनुमानों से सम्बन्धित निम्न कथनों को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर को चुनिए।

(A) पूँजीगत लाभ और हानियों को राष्ट्रीय आय में सम्मिलित किया जाता है।
(B) गैर–कानूनी गतिविधियों से होने वाली आय को राष्ट्रीय आय में सम्मिलित नहीं किया जाता है।
(C) स्वंय द्वारा प्रयोग में लिए जाने वाले घरों के आकलित मूल्य को राष्ट्रीय आय में सम्मिलित किया जाता है।

**कूट :**

(1) (A) और (B) सही हैं।
(2) (B) और (C) सही हैं।
(3) (A) और (C) सही हैं।
(4) (A), (B) और (C) सही हैं।

11. Which of the following items are included in the estimation of national income ? Select the correct answer using codes given below :

(a) Bonus
(b) Gratuity
(c) Value of production for self consumption
(d) Imputed rent of owner occupied house

**Codes :**

(1) None of these items
(2) only (a)
(3) only (a) and (b)
(4) (a), (b), (c) and (d)

12. Which of the following statements is not correct ?

(1) The demand curve for a good is drawn on the assumption that consumer's income, the prices of other goods and the preferences of consumer are given.
(2) If consumer's income increases, demand curve for a normal good shifts to the right.
(3) If the price of a substitute good increases, the demand curve shifts to the left.
(4) If consumer's preferences change in favour of a good, its demand curve shifts to the right.

13. Read the following statements regarding National Income estimates and select the correct answer using codes given below :

A. Capital gains and losses are included in National Income.
B. Incomes from illegal activities are not included in National Income.
C. Imputed values of the self occupied houses are included in the National Income.

**Codes :**

(1) A and B are correct.
(2) B and C are correct.
(3) A and C are correct.
(4) A, B and C are correct.

14. निम्न में से कौन सा कथन उपभोक्ता के साम्य के बारे में गलत है ?

(1) यह वह बिंदु है जहाँ बजट रेखा तटस्थता वक्र को स्पर्श करती है ।

(2) यह वह बिंदु है जहाँ तटस्थता वक्र के ढ़ाल का मूल्य $\left(\frac{\Delta_Y}{\Delta_X}\right)$, कीमत अनुपात $\left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$ के बराबर होता है ।

(3) यह वह बिंदु है जहाँ जिस दर पर उपभोक्ता एक वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु को प्रतिस्थापित करने के लिए इच्छुक है, का मान उस दर के बराबर है जिस दर पर उपभोक्ता एक वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु प्रतिस्थापित करने में सक्षम है ।

(4) यह वह बिंदु है जहाँ Y के लिए X की प्रतिस्थापन्न की सीमांत दर ($MRS_{XY}$), X और Y की कीमतों के अनुपात $\left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$ के बराबर है ।

14. Which of the following statements is <u>incorrect</u> about consumer's equilibrium ?

(1) It is a point where the budget line is tangent to the indifference curve.

(2) It is a point where the value of the slope of indifference curve $\left(\frac{\Delta Y}{\Delta X}\right)$ is equal to the price ratio $\left(\frac{PX}{PY}\right)$.

(3) It is a point where the rate at which the consumer is willing to substitute one good for the other is equal to the rate at which the consumer is able to substitute one good for the other.

(4) It is a point where the marginal rate of substitution of X for Y ($MRS_{XY}$) is equal to the ratio of price of X to price of Y $\left(\frac{P_X}{P_Y}\right)$.

15. एंजिल का नियम बताता है

(1) उपभोक्ता की आय और माँगी जाने वाली मात्रा के बीच के सम्बन्ध को ।

(2) वस्तु की कीमत और माँगी जाने वाली मात्रा के बीच के सम्बन्ध को ।

(3) प्रतिस्थानापन्न वस्तु की कीमत और माँगी जाने वाली मात्रा के बीच के सम्बन्ध को ।

(4) पूरक वस्तु की कीमत और माँगी जाने वाली मात्रा के बीच के सम्बन्ध को ।

15. Engel's law states the relationship between

(1) quantity demanded and income of the consumer.

(2) quantity demanded and price of a commodity.

(3) quantity demanded and price of substitute good.

(4) quantity demanded and price of a complementary good.

16. यदि किसी विशेष वस्तु के उत्पादन में तकनीकी प्रगति होती है तो इस कारण से

(1) पूर्ति वक्र दाहिनी तरफ विवर्तित हो जायेगा ।

(2) पूर्ति वक्र बाँयी ओर विवर्तित हो जायेगा ।

(3) माँग वक्र दाहिनी तरफ विवर्तित हो जायेगा ।

(4) माँग वक्र बाँयी तरफ विवर्त्तित हो जायेगा ।

16. If there is technological progress in the production of a particular commodity, then it will cause

(1) the supply curve to shift to the right.

(2) the supply curve to shift to the left.

(3) the demand curve to shift to the right

(4) the demand curve to shift to the left.

17. भारत में एक अनुसूचित बैंक वह है जो
(1) रिजर्व बैंक के नियन्त्रण में है।
(2) बैंकिंग नियमन अधिनियम की द्वितीय अनुसूची में शामिल है।
(3) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की द्वितीय अनुसूची में शामिल है।
(4) भारतीय संविधान की द्वितीय अनुसूची में शामिल है।

18. भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का निम्न में से कौन सा उद्देश्य नही है ?
(1) देश की वृद्धि दर को बढ़ाना
(2) कीमत स्थिरता
(3) राजकोषीय घाटा कम करना
(4) अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्रों का साख का प्रवाह।

19. भारत के व्यापारिक भागीदारों में शीर्ष 3 देश जिनके साथ गत तीन वर्षों (2015-16 से 2017-18) के दौरान भारत का द्विपक्षीय व्यापार संतुलन ऋणात्मक था, वे हैं
(1) चीन, स्विट्ज़रलैण्ड तथा ईरान
(2) चीन, स्विट्ज़रलैण्ड तथा साउदी अरब
(3) चीन, स्विट्ज़रलैण्ड तथा इराक
(4) चीन, जर्मनी तथा फ्रांस

20. भारत में निम्न में से कौन सा राज्य, सर्वाधिक निर्यात करता है ?
(1) महाराष्ट्र (2) गुजरात
(3) कर्नाटक (4) तमिलनाडू

21. मुद्रा की पूर्ति के निम्न मापों में से किसे रिजर्व मुद्रा अथवा उच्च शक्ति प्राप्त मुद्रा अथवा आधार मुद्रा भी कहा जाता है ?
(1) M0 (2) M1
(3) M2 (4) M3

17. In India a Scheduled bank is one which is
(1) under the control of Reserve Bank
(2) included in the II schedule of Banking Regulation Act
(3) included in the II schedule of Reserve Bank of India Act.
(4) included in the II schedule of the Indian Constitution.

18. Which of the following is not an objective of the Monetary Policy of Reserve Bank of India ?
(1) Increase growth rate of the country
(2) Price stability
(3) Reducing fiscal deficit
(4) Flow of credit to the priority sector of the economy

19. Among India's trading partners, the top 3 countries with which India had negative bilateral trade balance during last three years (2015-16 to 2017-18) are
(1) China, Switzerland and Iran
(2) China, Switzerland and Saudi Arabia
(3) China, Switzerland and Iraq
(4) China, Germany and France

20. Which of the following is the largest exporting state in India ?
(1) Maharashtra (2) Gujarat
(3) Karnataka (4) Tamil Nadu

21. Which of the following measures of money supply is also known as Reserve money or High Powered money or Base money ?
(1) M0 (2) M1
(3) M2 (4) M3

22. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में विनिवेश को कहा जाता है

(1) उदारीकरण (2) वैश्वीकरण
(3) औद्योगीकरण (4) निजीकरण

23. वैश्वीकरण से तात्पर्य है

(1) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का एकीकरण
(2) वित्तीय बाजारों का एकीकरण
(3) घरेलू अर्थव्यवस्था का विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण
(4) विश्व स्तर पर श्रम का एकीकरण

24. निम्न में से किस पंचवर्षीय योजना में भारत में पहली बार गरीबी हटाओं पर बल दिया गया ?

(1) चौथी पंचवर्षीय योजना में
(2) पाँचवी पंचवर्षीय योजना में
(3) छठी पंचवर्षीय योजना में
(4) सातवीं पंचवर्षीय योजना में

25. राजस्थान में औद्योगीकरण की गति को तीव्र करने में सर्वोच्च संगठन के रूप में निम्न में से कौन लगा हुआ है ?

(1) राजस्थान वित्त निगम
(2) राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम
(3) निवेश संवर्द्धन ब्यूरो
(4) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

26. **कथन (A) :** भारत के आयात 2012-13 से 2016-17 के बीच करीब 107 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम हो गये ।

**कारण (R) :** इसका मुख्य कारण कच्चे तेल और पैट्रोलियम उत्पादों के आयातों के मूल्य में हुई कमी था ।

(1) (A) और (R) दोनों वैयक्तिक रूप से सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(2) (A) और (R) दोनों वैयक्तिक रूप से सही हैं लेकिन (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(3) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है लेकिन (R) सही है ।

22. In India, disinvestment in public sector unit is called

(1) Liberalisation
(2) Globalisation
(3) Industrialisation
(4) Privatisation

23. Globalisation means

(1) integration of different sectors of economy
(2) integration of financial markets
(3) integration of the domestic economy with the world economy
(4) integration of labour at global level

24. Which of the following Five Year Plan gave emphasis on removal of poverty for the first time in India ?

(1) Fourth Five Year Plan
(2) Fifth Five Year Plan
(3) Sixth Five Year Plan
(4) Seventh Five Year Plan

25. Which of the following is an apex organization engaged in fostering the growth of industrialization in Rajasthan ?

(1) Rajasthan Financial Corporation
(2) Rajasthan State Industrial Development and Investment Corporation
(3) Bureau of Investment Promotion
(4) Industrial Development Bank of India

26. **Assertion (A) :** India's imports declined by around US $ 107 billion from 2012-13 to 2016-17.

**Reason (R) :** This was mainly due to a reduction in value of imports of crude oil and petroleum products.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are individually true, and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are individually true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

27. निम्न कथनों को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर को चुनिए :

**कथन (A) :** राजस्थान में वर्तमान में 81 विभिन्न प्रकार के खनिजों का खनन किया जा रहा है ।

**कथन (B) :** देश में चाँदी, केल्साईट और जिप्सम का लगभग पूरा उत्पादन राजस्थान में होता है ।

**कूट :**

(1) केवल कथन (A) सही है ।

(2) केवल कथन (B) सही है ।

(3) कथन (A) और (B) दोनों सही हैं ।

(4) ना तो (A) और ना ही (B) सही है ।

28. राज्य की 12वीं पंचवर्षीय योजना में राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र के लिए निम्न में से कौन सी आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया है ?

(1) 4% (2) 8%

(3) 9.5% (4) 7.7%

29. निम्नांकित विचारकों में से कौन सा विचारक राजनीतिक सिद्धान्त के पतन का कारण “वैचारिक अवव्याख्यावाद” मानता है ?

(1) एस.एम लिप्सेट

(2) अल्फ्रेड कोबां

(3) क्विन्टन स्कीनर

(4) दान्ते एल. जर्मीनो

30. बाड़मेर में पचपदरा की राजस्थान रिफाईनरी के सन्दर्भ में निम्न कथनों को पढ़िये और नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए।

**कथन (A) :** यह भारत में अपनी प्रकार की पहली है जिसे पैट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स के साथ जोड़ा गया है ।

**कथन (B):** परियोजना की लागत 83,129 करोड़ है ।

**कथन (C):** इस परियोजना में राजस्थान सरकार का हिस्सा 74 प्रतिशत है ।

**कूट :**

(1) केवल कथन (A) सही है ।

(2) कथन (B) और (C) सही हैं ।

(3) कथन (A) और (B) सही हैं ।

(4) कथन (A), (B) और (C) सही हैं ।

27. Read the following statements and select the correct answer using codes given below :

**Statement – A :** 81 different types of minerals are being currently mined in Rajasthan.

**Statement – B :** Almost entire production of Silver, Calcite and Gypsum in the country comes from Rajasthan.

**Codes :**

(1) Only Statement – A is true.

(2) Only Statement – B is true.

(3) Statement – A and B both are true.

(4) Neither (A) nor (B) are true.

28. Which of the following economic growth target was given for the industrial sector of Rajasthan in the Twelfth Five Year Plan of the state ?

(1) 4% (2) 8%

(3) 9.5% (4) 7.7%

29. Which one of the following thinkers believes that the reason for decline of political theory is ‘Ideological Reductionism’ ?

(1) S.M. Lipset

(2) Alfred Cobban

(3) Quentin Skinner

(4) Dante L. Germino

30. Read the following statements regarding Rajasthan Refinery at Pachpadra, Barmer and select the correct answer using codes given below :

**Statement – A :** It is first of its kind in India i.e. integrated with petrochemical complex.

**Statement – B :** Project cost is 83,129 crore.

**Statement – C :** In this project, Government of Rajasthan’s share is 74 percent.

**Codes :**

(1) only Statement – A is correct.

(2) Statement – B and C are correct.

(3) Statement – A and B are correct.

(4) Statement – A, B and C are correct.

31. निम्नांकित में से कौन यह मानता/मानती है कि राजनीति शक्ति-संरचनात्मक सम्बन्ध है, जिसमें एक समूह पर दूसरा समूह नियन्त्रण करता है ?
(1) कैट मिलेट
(2) एडवर्ड बर्नस्टाइन
(3) मार्था नसबाम
(4) केथरीन मेकिनान

31. Who among the following believes that politics is power-structural relation, in which one group controls on other group ?
(1) Kate Millet
(2) Edvard Bernstein
(3) Martha Nussbaum
(4) Catherine Mackinnon

32. निम्नांकित में से किसने यह स्वीकर किया है कि एक ओर ईश्वर और प्रकृति के कानून और दूसरी ओर प्रथागत कानूनों से सम्प्रभु की शक्ति सीमित होगी ?
(1) थॉमस होब्स
(2) ह्यूगो ग्रोशियस
(3) ज्यां बोदां
(4) जॉन लॉक

32. Who among the following has accepted that the laws of God and nature on the one hand and the customary laws of the land on the other, would limit the sovereign ?
(1) Thomas Hobbes
(2) Hugo Grotius
(3) Jean Bodin
(4) John Locke

33. निम्नांकित में से कौन यह दावा करता है व्यक्तिगत अधिकार व्यक्तिओं के पास राजनीतिक इक्के (ट्रम्प) हैं ?
(1) रोनाल्ड ड्वोर्किन
(2) सी.बी. मैकप्लर्सन
(3) फ्रेडरिख हायक
(4) एन्टोनियो ग्राम्शी

33. Who among the following claims that individual rights are political trumps held by individuals ?
(1) Ronald Dworkin
(2) C.B. Macplerson
(3) Friedrich Hayek
(4) Antonio Gramsci

34. निम्नांकित में से कौन-कौन से विचारक राजनीति सिद्धान्त के पाठवादी दृष्टिकोण से सम्बन्धित है/हैं ?
(i) जॉन प्लामेन्टाज
(ii) एन्ड्रू हैकर
(iii) क्वींटन स्कीनर
नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुने :
(1) केवल (i)
(2) (i) और (ii)
(3) (ii) और (iii)
(4) (i), (ii) और (iii)

34. Which of the following thinker/ thinkers is / are related to the textualist approach to political theory ?
(i) John Plamentaz
(ii) Andrew Hacker
(iii) Quinton Skinner
Select the correct answer using the codes given below :
**Codes :**
(1) only (i)
(2) (i) and (ii)
(3) (ii) and (iii)
(4) (i), (ii) and (iii)

35. 'इक्वेलिटी इन लिबर्टी एण्ड जस्टिस' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(1) अमिताई एत्जियोनी (2) रॉबर्ट गुडिन

(3) एन्टॉनी फ्ल्यू (4) कार्ल जेस्पर्स

36. भारत में निम्नांकित प्राधिकारियों / संस्थाओं में से राष्ट्रपतीय निर्वाचन संबन्धी विवादों पर विचारण का प्राधिकार, किसके पास है ?

(1) राष्ट्रपतीय चुनाव का निर्वाचन अधिकारी

(2) भारत का उच्चतम न्यायालय

(3) भारत का निर्वाचन आयोग

(4) संयुक्त संसदीय समिति

37. निम्नांकित में से किस वाद में भारत के उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि "अनुच्छेद 105(3) और अनुच्छेद 194(3) के उपबन्ध सांविधानिक कानून हैं, संसद या विधान मण्डलों द्वारा बनाए गए साधारण कानून नहीं है और इसलिए वे संविधान के भाग-III जितने ही सर्वोच्च है" ?

(1) एम.एस.एम. शर्मा बनाम श्री कृष्ण सिन्हा

(2) तेज किरण जैन बनाम एन. संजीव रेड्डी

(3) सुरेश चन्द्र बनर्जी बनाम पुनीत गोएला

(4) राज नारायण सिंह बनाम आत्माराम गोबिंद खैर

38. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखने हेतु उल्लेख है ?

(1) 51 क(ड़) (2) 51 क(च)

(3) 51 क(झ) (4) 51 क(ट)

39. निम्नांकित में से कौन सा विचारक यह मानता है कि न्याय सभी लोगो के लाभ के लिए 'समान पहुँच की आवश्यकता' है ?

(1) रॉबर्ट नॉजिक (2) माइकल वाल्ज़र

(3) जी.ए. कोहेन (4) जेक देरिदा

35. Who is the author of the book 'Equality in Liberty and Justice' ?

(1) Amitai Etzioni (2) Robert Goodin

(3) Antony Flew (4) Karl Jaspers

36. Which one of the following authorities / institutions has jurisdiction for the trial of disputes relating to the Presidential election in India ?

(1) Returning officer of the Presidential Election

(2) Supreme Court of India

(3) Election Commission of India

(4) Joint Parliamentary Committee

37. In which one of the following cases, the supreme court of India declared that the Provisions of Article 105 (3) and Article 194 (3) are constitutional laws and not ordinary laws made by Parliament or the State Legislatures and that, therefore, they are as supreme as the provisions of Part III ?

(1) M.S.M. Sharma Vs. Sri Krishna Sinha

(2) Tej Kiran Jain Vs. N. Sanjiva Reddy

(3) Suresh Chandra Banerji Vs. Punit Goala

(4) Raj Narain Singh Vs. Atmaram Gobind Kher

38. Which Article of the constitution of India mentions about Safeguard of Public property ?

(1) 51 A(e) (2) 51 A(f)

(3) 51 A(i) (4) 51 A(k)

39. Which one of the following thinkers believes that 'Justice requires equal access to advantage for all people' ?

(1) Robert Nozick

(2) Michael Walzer

(3) G.A. Cohen

(4) Jacques Derrida

40. निम्नांकित में से किसने, भारत के संविधान के आपातकालीन उपबन्धों को 'संघ का अनन्यतम हथियार' कहाँ है ?

(1) मौरिस जोन्स (2) रजनी कोठारी
(3) ग्रेनविल ऑस्टिन (4) राबर्ट हार्डग्रेव

41. भारत के संविधान के उपबन्धों के अन्तर्गत निम्नांकित में से किस/किनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा उसके हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित अधिपत्र (वारंट) द्वारा की जाती है ?

(i) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(ii) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष
(iii) भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(iv) राज्य निर्वाचन आयुक्त

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुने :

**कूट :**

(1) केवल (i)
(2) (i) और (ii)
(3) (i), (ii) और (iii)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

42. निम्नांकित में से किसका मत है कि पुनरूत्थानवाद और उप-राष्ट्रवाद की राजनीति ने राज्य को दुविधा में डाल दिया है ?

(1) रजनी कोठारी (2) रोजर गिब्बन्स
(3) पॉल ब्रास (4) पॉल वालास

43. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत के महान्यायवादी को यह अधिकार है कि वह संसद के किसी भी सदन में बोले और उसकी कार्यवाहियों में अन्यथा भाग ले ?

(1) 76 (2) 87
(3) 88 (4) 89

40. Who among the following has called the emergency provisions of the constitution of India as the 'Union's Long Arm' ?

(1) Morris Jones
(2) Rajni Kothari
(3) Granville Austin
(4) Robert Hardgrave

41. Under the provision of the constitution of India, which of the following is / are appointed by the President by warrant under his hand and seal ?

i. The Chief Justice of India
ii. The Chairperson of the National Commission for Scheduled Caste.
iii. The Chief Election Commissioner of India
iv. The State Election Commissioner

Select the correct answer using the codes given below :

**Codes :**

(1) only i
(2) i & ii
(3) i, ii & iii
(4) i, ii, iii & iv

42. Who among the following has the opinion that 'the politics of revivalism and sub-nationalism has created a dilemma for the state' ?

(1) Rajni Kothari (2) Roger Gibbens
(3) Paul Brass (4) Paul Wallace

43. According to the which Article of the constitution of India, Attorney General of India shall have the right to speak in, and otherwise to take part in the proceedings of, either house of the Parliament ?

(1) 76 (2) 87
(3) 88 (4) 89

44. भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (नेशनल सिक्यूरिटी काऊन्सिल) की स्थापना किस वर्ष की गयी ?
(1) 1996 (2) 1998
(3) 2000 (4) 2002

45. श्रीलंका के संविधान में निम्नांकित में से कौन सा संशोधन, भारत-श्रीलंका समझौता-1987 का हिस्सा था ?
(1) 13वाँ (2) 12वाँ
(3) 20वाँ (4) 14वाँ

46. राजस्थान में जिला परिषद सदस्य किसे संबोधित कर स्वहस्ताक्षरित लेख द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है ?
(1) कलेक्टर
(2) संभागीय आयुक्त
(3) जिला प्रमुख
(4) जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी

47. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत, किसी नगरपालिका में निर्वाचन हेतु न्यूनतम स्थानों / वार्डो की संख्या कितनी है (यथा दिनांक 1/6/2019) ?
(1) 19 (2) 16
(3) 13 (4) 10

48. 'समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य जिसमें इतिहास एवं जीवन-वृत्तांत के मध्य सम्बन्धों को विवेचित करने का प्रयास है' किसने विवेचित किया है ?
(1) थियोडॉर अबेल (2) निकोलस टिमाशेफ
(3) सी. राइट मिल्स (4) पी.ए. सोरोकिन

49. निम्नांकित में से किस / कौन से विद्वान / विद्वानों ने भारतीय लोकतन्त्र के सन्दर्भ में 'संघ बाजार अर्थव्यवस्था' शब्दावली का प्रयोग किया है ?
(1) रूडोल्फ एवं रूडोल्फ
(2) रामचन्द्र गुहा एवं गोपाल गुरु
(3) डब्ल्यू. एच. मोरिस-जोन्स
(4) सुरिन्दर जोधका

44. In which year, the 'National Security Council' was established in India ?
(1) 1996 (2) 1998
(3) 2000 (4) 2002

45. Which of the following Amendment of the constitution of Sri Lanka was part of India – Sri Lanka Agreement 1987 ?
(1) $13^{th}$ (2) $12^{th}$
(3) $20^{th}$ (4) $14^{th}$

46. In Rajasthan, member of Zila Parishad may resign his office by writing under his hand addressed, to whom ?
(1) Collector
(2) Divisional Commissioner
(3) Zila Pramukh
(4) Chief Executive Officer of Zila Parishad

47. According to the Rajasthan Municipalities Act 2009, the minimum number of seats / wards for election in a municipality (as on 1-6-2019)
(1) 19 (2) 16
(3) 13 (4) 10

48. 'Sociological perspective enabling to grasp relationship between history and biography is explained by
(1) Theodore Abel (2) Nicholas Timashef
(3) C. Wright Mills (4) P.A. Sorokin

49. Which of the following scholar/ scholars used terminology 'Federal Market Economy' in context to Indian Democracy ?
(1) Rudolph and Rudolph
(2) Ramchandra Guha and Gopal Guru
(3) W.H. Morris-Jones
(4) Surinder Jodhka

**50.** इनमें से किसने समाजशास्त्र को तीन शाखाओं (सामाजिक आकृति विज्ञान, सामाजिक क्रिया विज्ञान तथा सामान्य समाजशास्त्र) में विभाजित करने का प्रयास किया है ?

(1) कार्ल मार्क्स (2) ईमाइल दुर्खीम

(3) अगस्त कॉम्ट (4) जी.एस. घुरिये

**51.** "ऐसे समाज जिनमें धन संग्रहण का आधार बल प्रयोग है,' 'सैन्य समाज' कहलाते हैं", किसने कहा है ?

(1) ईमाइल दुर्खीम (2) हरबर्ट स्पेन्सर

(3) रेमन्ड एरॉ (4) विल्फ्रेडो पैरेटो

**52.** निम्नलिखित में से किसने समूहों को 'द्विक' और 'त्रिक' में वर्गीकृत किया है ?

(1) डब्ल्यू.जी. समनर (2) पी.ए. सोरोकिन

(3) सी.एच. कूले (4) जॉर्ज सिमेल

**53.** निम्नलिखित में से क्या सामाजिक प्रस्थिति के बारे में सत्य नहीं है ?

(1) यह मात्र संस्तरणात्मक समाज की विशेषता है ।

(2) यह प्रतिमान एवं मूल्यों द्वारा निर्धारित होता है ।

(3) एक व्यक्ति बहुत सी प्रस्थितियों का धारक हो सकता है ।

(4) प्रत्येक प्रस्थिति से जुड़े अधिकार एवं कर्त्तव्य होते हैं ।

**54.** सूची-I का सूची-II से मिलान करें और नीचे दिए कूट में से सही उत्तर चिह्नित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) प्रत्यक्षवाद | (i) स्पेन्सर |
| (b) सावयवी अनुरूपता | (ii) कॉम्ट |
| (c) वर्स्टहेन | (iii) दुर्खीम |
| (d) सामाजिक तथ्य | (iv) वेबर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**50.** Who made an effort to divide sociology into three divisions (social Morphology, Social Physiology and General Sociology) ?

(1) Karl Marx

(2) Emile Durkheim

(3) Auguste Comte

(4) G.S. Ghurye

**51.** "Societies based on coercion for acquiring wealth are called "Militant Societies", who said this ?

(1) Emile Durkheim (2) Herbert Spencer

(3) Raymond Aron (4) Vilfredo Pareto

**52.** Who has classified groups into 'dyad' and 'triad' ?

(1) W.G. Sumner (2) P.A. Sorokin

(3) C.H. Cooley (4) George Simmel

**53.** Which of the following is not true about social status ?

(1) It is a characteristic of hierarchical society only.

(2) It is governed by norms and values.

(3) An individual may have several statuses.

(4) Every status has rights and duties.

**54.** Match List – I with List – II and mark the correct answer from its following codes :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Positivism | (i) Spencer |
| (b) Organic Analogy | (ii) Comte |
| (c) Verstehen | (iii) Durkheim |
| (d) Social fact | (iv) Weber |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | iv | ii | i |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | ii | iii | i | iv |

55. 'एक सामाजिक वर्ग समुदाय का वह भाग है जो सामाजिक स्थिति के आधार पर दूसरों से पृथक किया जा सके ।' यह परिभाषा किसने दी ?

(1) एम. वेबर (2) ई. दुर्खीम
(3) एस. फ्रायड (4) मैकाइवर एवं पेज

56. जाति की उत्पत्ति के किस सिद्धान्त का समर्थन नेस्फील्ड ने किया है ?

(1) व्यावसायिक सिद्धान्त
(2) परम्परागत सिद्धान्त
(3) ब्राह्मणीय सिद्धान्त
(4) प्रजातीय सिद्धान्त

57. इनमें से कौन सा सामाजिक परिवर्तन के चक्रीय प्रतिमान का एक उदाहरण नहीं है ?

(1) पैरेटो का अभिजन परिभ्रमण सिद्धान्त
(2) सोरोकिन का सांस्कृतिक परिवर्तन सिद्धान्त
(3) टॉयनबी का सामाजिक परिवर्तन सिद्धान्त
(4) कॉम्ट का तीन स्तरों के नियम का सिद्धान्त

58. इनमें से कौन भारतवर्ष में साम्प्रदायिकता सम्बन्धी अध्ययन से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) बिपिन चन्द्र
(2) एस.पी. नगेन्द्र
(3) असगर अली इंजीनियर
(4) मुशिरूल हसन

59. पुस्तक 'पावर्टी एन्ड फेमिन्स : एन एस्से ऑन इनटाइटलमेन्ट एण्ड डिप्रिवेसन' के लेखक कौन हैं ?

(1) दण्डेकर एवं रथ (2) अमर्त्य सेन
(3) गुन्नार मिर्डल (4) प्रभात पटनायक

60. 'भूमिका पुंज' में भूमिका संधियोजन हेतु तरीकों के बारे में किसने लिखा है ?

(1) आर. के. मर्टन (2) टॉलकाट पारसन्स
(3) जी.एच. मीड (4) सी.एच. कूले

55. Who gave the following definition of class "A social class is any portion of the community marked off from the rest by social status" ?

(1) M. Weber (2) E. Durkheim
(3) S. Freud (4) MacIver and Page

56. Which theory of origin of caste is supported by Nesfield ?

(1) Occupational Theory
(2) Traditional Theory
(3) Brahmanical Theory
(4) Racial Theory

57. Which one is not an example of cyclical pattern of social change ?

(1) Pareto's theory of circulation of elites
(2) Sorokin's theory of cultural change
(3) Toynbee's theory of social change
(4) Comte's theory of law of three stages

58. Who among the following is not associated with the study of communalism in India ?

(1) Bipin Chandra
(2) S.P. Nagendra
(3) Asghar Ali Engineer
(4) Mushirul Hasan

59. Who is the author of the book 'Poverty and Famines' : An Essay on Entitlement and Deprivation' ?

(1) Dandekar and Rath
(2) Amartya Sen
(3) Gunnar Myrdal
(4) Prabhat Patnaik

60. Who has stated the mechanism for articulating roles in the role set ?

(1) R.K. Merton (2) Talcott Parsons
(3) G.H. Mead (4) C.H. Cooley

61. 'महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम' भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस वर्ष में क्रियान्वित किया गया ?

(1) 2004 (2) 2005
(3) 2006 (4) 2007

62. 'विवाह सन्तानों को जन्म देने एवं पालन-पोषण से सम्बन्धित एक संविदा है', किसका कथन है ?

(1) ई.बी. टॉयलर (2) बी. मेलिनोस्की
(3) फ्रेज़र (4) आर. के. मर्टन

63. परिवार को 'अभिविन्यास का परिवार' और 'प्रजनन का परिवार' में किसने विभाजित किया ?

(1) राल्फ लिंटन (2) जे.पी. मुरडॉक
(3) आई.पी. देसाई (4) इरावती कर्वे

64. हिन्दूवाद में धर्म का तात्पर्य निम्नलिखित में से प्रमुख रूप से किस पर केन्द्रित है ?

(1) लौकिक नियमों एवं व्यवस्था
(2) कर्त्तव्य, आचरण, गुणों एवं जीवनशैली
(3) तीर्थंकरों द्वारा निर्देशित मानव का नैतिक रूपान्तरण
(4) अलौकिक शक्तियों के विश्वास

65. 'काम' अवधारणा का सामूहिक प्रयोग जन्मजात अभिलाषाओं एवं चालकों की सम्पूर्णता को व्यक्त करता है, यह विचार किसका है ?

(1) के.एम. कपाडिया (2) पी.एच. प्रभु
(3) स्वामी विवेकानंद (4) इरावती कर्वे

66. निम्न में से कौन सा परीक्षण एच.आई.वी. रोग प्रतिकारकों को पता करने हेतु किया जाता है ?

(1) विडाल परीक्षण
(2) क्यू.बी.सी. परीक्षण
(3) एच.डी.एल. परीक्षण
(4) एलीसा परीक्षण

61. 'The Protection of Women from Domestic Violence Act' was brought into force by Indian Government from which year ?

(1) 2004 (2) 2005
(3) 2006 (4) 2007

62. 'Marriage is a contract for the production and maintenance of children', who said ?

(1) E.B. Tylor (2) B. Malinowski
(3) Frazer (4) R.K. Merton

63. Who has divided family into 'Family of Orientation' and 'Family of Procreation' ?

(1) Ralph Linton (2) G.P. Murdock
(3) I.P. Desai (4) Iravati Karve

64. In Hinduism, Dharma mainly signifies

(1) Cosmic laws and order
(2) Duties, conduct, virtues and way of living
(3) Moral transformations of human-beings as mentioned by Teerthankaras
(4) It believes in super-natural power

65. Collective use of the term 'Kama' refers to the totality of innate desires and drives of man, it is a view of

(1) K.M. Kapadia
(2) P.H. Prabhu
(3) Swami Vivekanand
(4) Iravati Karve

66. Which one of the following test is used for detecting HIV antibodies ?

(1) WIDAL Test
(2) QBC Test
(3) HDL Test
(4) ELISA Test

67. सूची–I और सूची– II का मिलान कर सूची के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें ।

| सूची– I (लोक प्रशासन की परिभाषा के प्रमुख तत्व) | सूची– II (विद्वान) |
|---|---|
| A. लोक प्रशासन कानून का विस्तृत एवं क्रमबद्ध क्रियान्वयन है । | i. एफ.ए. नीग्रो |
| B. लोक प्रशासन, लोक नीति का पालन या प्रवर्तन है । यह सरकार का कार्यकारी भाग है । | ii. एम.ई. डिमॉक |
| C. लोक प्रशासन सार्वजनिक प्रतिवेश में सहकारी समूहगत प्रयास है । | iii. वुडरो विल्सन |
